वारदात | चौपाटी में मारी गई थी चाकू, हमले में हुई तीन युवकों की हत्या, कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई है वारदात

# चाकू के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए तीसरे युवक की भी मौत


**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत जिला अस्पताल के सामने स्थित चौपाटी में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात चाकू के हमले में घायल हुए तीसरे युवक की भी जबलपुर में इलाज के दौरान गुरूवार सुबह मौत हो गई। अब इस मामले में तीन युवकों की हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। हालांकि हमला करने वाले तीनों चाकूबाजों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन चाकू के हमले से एक साथ तीन युवकों की मौत ने शहर में सनसनी फैला दी है।

पुलिस ने बताया कि 27-28 जुलाई की दरम्यानी रात चौपाटी में गायत्री नगर क्षेत्र निवासी 23 वर्षीय रोशन सिंह चौहान, 22 वर्षीय उत्कर्ष दुबे और 20 वर्षीय विशेष कारीकांत पर लगभग 15-16 वर्षीय तीन नाबालिगों ने चाकू से हमला कर दिया था। जिसके बाद तीनों युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद दो युवकों रोशन सिंह और उत्कर्ष दुबे को मृत घोषित कर दिया था, जबकि विशेष कारीकांत की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा था। इलाज के दौरान घायल विशेष कारीकांत की गुरूवार सुबह मौत हो गई है। पुलिस ने अब तक इस



मामले में दो युवकों की हत्या और एक युवक की हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। वहीं अब तीसरे युवक की भी मौत हो जाने पर पुलिस हत्या के प्रयास के मामले को भी हत्या किए जाने का मामला दर्ज करेगी।

कोतवाली थाने से चंद कदमों की दूरी पर इस हत्याकांड के बाद से पुलिस अलर्ट मोड पर है। रात में निर्धारित समय पर दुकानें बंद कराई जा रही हैं। साथ ही रात के समय पुलिस गश्त व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा पान-ठेलों, चाय की दुकान में भी आकस्मिक जांच की जा रही है। साथ ही रात के समय बेवजह शहर में घूमने वालों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। चौपाटी में हुए देर रात हत्याकांड के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं, लोगों का कहना है कि देर रात तक दुकानों का बंद नहीं होना पुलिस की लापरवाही का ही प्रमाण है। पुलिस को दुकानों को निर्धारित समय में बंद कराना चाहिए, लेकिन चौपाटी में ऐसा नहीं किया गया, लिहाजा देर रात तक चौपाटी की दुकान खुली रही और चाकूबाजी की घटना में तीन युवकों की मौत हो गई है। हालांकि पुलिस ने हत्या के बाद से गश्त तेज कर दी है। चौपाटी के सभी दुकान संचालकों को हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित समय पर दुकान बंद करें, नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पुलिस शहर के अन्य क्षेत्रों में भी दुकानों को बंद करने की हिदायत दे रही है। हालांकि कटनी रेलवे स्टेशन के बाहर लगाई जा रही चाय-पान की दुकानें अभी भी देर रात तक खुली रहती है, या फिर ये कहा जाए कि बंद ही नहीं की जाती हैं।



## हादसों को रोकने मवेशियों के सींग पर लगाएं जा रहे रेडियम के पट्टे

**नवभारत कटनी।** नगर निगम की हांका गेंग द्वारा सार्वजनिक सड़कों पर आवारा घूमने वाले बेसहारा गौवंशों को सुरक्षित कांजी हाउस और गौशाला भेजने की कार्रवाई की जा रही है। सुगम और सुरक्षित आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर और मवेशियों को हादसों को बचाने के लिए रेडियम पट्टे पहनाए जा रहे हैं। सींग में रेडियम लगाने का अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत जहां सुगम आवागमान की सुविधा के लिए अब तक नगर के लगभग चार सैकड़ा से अधिक गौवंशों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा गया है। वहीं नवाचार के तहत अब तक एक सैकड़ा से अधिक गौवंशों को रेडियम पट्टे पहनाए गए हैं, जो रात में वाहन की लाइट पड़ते ही चमकने लगते हैं। वाहन चालक दूर से ही गायों को देख पाते हैं और समय रहते अपनी गाड़ी की रफ्तार नियंत्रित कर लेते हैं।

### एक नजर में



#### शिक्षिकाओं ने किया पौधरोपण

**नवभारत, कटनी।** जिले के सरकारी स्कूलों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला मझगवा वि खंड बड़वारा मे शिक्षिकाओं और छात्रों द्वारा शीशम, आंवला, गुलमोहर, अशोक, नीम के पौधों का पौधारोपण किया गया। साथ ही पौधों को को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर शाला प्रभारी संध्या दहिया, अर्चना खरोटे, ललिता कोरी छाया पासी, राजरानी परस्ते और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

#### नगर परिषदों में अध्यक्ष पद निर्वाचन की तिथि घोषित

**नवभारत, कटनी।** जिले की कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषदों में इस्तीफे के बाद रिक्त हुए अध्यक्ष पदों के निर्वाचन के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पीठासीन अधिकारी और निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषदों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन की तिथि 8 अगस्त निर्धारित की गई है। अध्यक्ष पद का निर्वाचन इन नगर परिषदों के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर ने नगर परिषद कैमोर में निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई को बनाया गया है। वहीं नगर परिषद विजयराघवगढ़ के लिए पीठासीन अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति मुदित लटोरिया होंगी। कलेक्टर ने आदेश में संबंधित पीठासीन अधिकारियों को पूरी चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सभी निर्वाचित पार्षदों को व्यक्तिगत रूप से नोटिस और आदेश की प्रतियां तामील करने, पावती प्राप्त करने और संबंधित परिषद के नोटिस बोर्ड पर एक प्रति प्रदर्शित करने का निर्देश भी दिया गया है।

## महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनाने का प्रयास है हरियाली यात्रा

**सखी हरियाली यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं महिलाएं**

**नवभारत, बाकल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में चलाई जा रही नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत बहोरीबंद विकासखंड के सेक्टर तेवरी क्रमांक-पांच में स्थित ग्राम पंचायत अमोच में कलश यात्रा और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन नवांकुर संस्था बड़खेरा जनचेतना समाजसेवी समिति के सहयोग और ग्राम पंचायत के सरपंच नरेश कुमार दहायत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक वेशभूषा से सजी महिलाओं द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ कलश यात्रा से हुई। कार्यक्रम



में काफी संख्या में नवांकुर सखियों सहित ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच नरेश कुमार दहायत, उपसरपंच जेटूलाल हल्दकार, पटवारी श्वेता नायक, सचिव प्रकाश यादव, दिनेश पांडेय, भूतपूर्व सैनिक रामभजन हल्दकार, राकेश कुमार दहायत, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह, परामर्शदाता अवधेश बैरागी, धनीराम लोधी, राम सिंह पटेल, विनोद सिंह, दुर्गेश यादव सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का तिलक-वंदन कर स्वागत किया गया। साथ ही पौधों का वितरण भी किया गया। इस दौरान नवांकुर सखियों को पौधे और अंकुरित बेल बीज वितरित किए गए। ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह ने बताया कि हरियाली अमावस्या 24 जुलाई से शुरू होकर आगामी पांच दिनों तक पूरे प्रदेश में हरियाली यात्रा आयोजित की जा रही है। प्रत्येक सेक्टर में 100 नवांकुर सखियों को चयनित किया गया है, जो 11 अंकुरित पौधे तैयार कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उन्हें सरकारी या निजी भूमि पर रोपेंगी। सरपंच नरेश कुमार दाहयत ने कहा कि यह पहल न सिर्फ हरियाली बढ़ाने की दिशा में है, बल्कि मातृशक्ति को पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनाने का सराहनीय प्रयास भी है। कलश यात्रा का समापन हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी काछी, सहायिका मिथलेश यादव, आशा कार्यकर्ता लता सोनी, पंच बविता अमृत काछी, सोनी धर्मदास जायसवाल, प्रभु दाहयत, ऊर्मिला शैलेन्द्र ठाकुर, शिवम् दाहयत, अनिल हल्दकार सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिलओं की उपस्थित रही।

## जल्द पूरे होंगे विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अधूरे कार्य

**विधायक संजय पाठक ने सीएम से मिलकर की कार्य पूरा कराने की मांग**

**नवभारत कटनी।** कटनी जिले की विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने सीएम से मुलाकात कर क्षेत्र में विकास कामों को पूरा कराने की मांग किया। सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने विधायक संजय पाठक को आश्वासन दिया की क्षेत्र मे जितने भी काम होंगे जल्द पूरे किए जाएंगे। विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। विधायक संजय पाठक विधानसभा सत्र के दौरान सीएम से मुलाकात कर विभिन्न कार्यों को लेकर उनका ध्यान आकर्षण कराया। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने बरही में मैहर मार्ग पर कुटेश्वर के समीप महानदी के



पुल पर जल संसाधन विभाग के बाणसागर परियोजना के अंतर्गत पुल का मरम्मत कार्य तत्काल कराने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि पुल के मरम्मत न होने से स्कूली वाहनों एम्बुलेंस के साथ-साथ आम जन के आवागमन में दिक्कत हो रही है। इसी तरह विजयराघवगढ़ के जितने बाईपास स्वीकृत हुए हैं उनके लिए भूमि अधिग्रहण कर उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। विधायक ने ग्राम सलैया सीहोरा, ताली रोहिंग्या होते हुए मोहनी पहुंच मार्ग करौंदी खुर्द से बिचपुरा कांटी सिनगौरी, रोहनिया बरही खितौली मार्ग, मुहास घुनसुर भैंसवाही मार्ग को भी पूरा कराए जाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा। इसके अलावा विधायक संजय पाठक ने विधानसभा में नदावन से कुटिया महागवा के बीच रोड बनाए जाने का मुद्दा उठाया। गौरतलब हो कि मानसून सत्र के दौरान विधायक संजय पाठक ने याचिका के माध्यम से क्षेत्र के बरही तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम नदावन से कुटिया महागवा के बीच रोड बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने अपने प्रश्न के माध्यम से बताया कि क्षेत्र के दोनों प्रमुख गांव के बीच सीधी सड़क नहीं है जबकि दोनों गांव में बड़ी आबादी निवास करती है।

## केन्द्रीय परिहवन मंत्री से मिले सांसद वीडी शर्मा

**संसदीय क्षेत्र की सड़कों के निर्माण को लेकर की मुलाकात**

**नवभारत कटनी।** खजुराहो-कटनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत शर्मा ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कटनी जिले की कई सड़कों के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की है। सांसद ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री संसदीय क्षेत्र में खजुराहो-बछोन, चंदला, सरवई, गिरमा, झांसी, चित्रकूट एक्सप्रेस-वे, राजनगर से व्हाया रहेनफॉल होते हुए टोरिया टेक तक मार्ग उन्नयन, कटनी जिले के विजयराघवगढ़ अंतर्गत बरही खितौली रोड़ से टेढ़ी पुलिया उठीन टोला, हदरहटा होते हुए सलैया सिहोरा तक पहुंच मार्ग उन्नयन और बहोरीबंद के



बिलहरी, बड़खेरा, पहरुआ, चरगवा, मवई, देवरी, झुझारी, पाथरड़ी, पिपरिया, तिगवा, मोहाई मार्ग उन्नयन का कार्य आवश्यक है। सांसद ने कटनी जिले के साथ पन्ना जिले के गुनौर में ग्राम लक्ष्मीपुर से देवेन्द्रनगर मार्ग उन्नयन, देवेन्द्रनगर से सलेहा मार्ग उन्नयन, अमानगंज-गुनौर-सुवंशा-गिरवारा-सिमरी मार्ग उन्नयन, नहर मार्ग से गुमानगंज तक मार्ग उन्नयन, खोरा ग्राम से करतल मुख्य मार्ग तक उन्नयन कराने की मांग की। साथ ही केन्द्रीय मंत्री से अजयगढ़- पन्ना-अमानगंज, सिमरिया, हटा, दमोह जवेरा, जबलपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल किए जाने की मांग की है।

## रीठी परिक्षेत्र की तीस एकड़ वन भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**वन विभाग ने की कार्रवाई, अप्रिय स्थिति से निपटने तैनात किया गया था पुलिस बल**

**नवभारत रीठी।** जिले के रीठी वन परिक्षेत्र अंतर्गत चिरौहला गांव में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 30 एकड़ क्षेत्रफल की वन भूमि से अवैध कब्जा हटाया है यह कार्रवाई वन विभाग राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को अंजाम दी गई बताया जा रहा है कि लंबे समय से चिरौहला क्षेत्र की आरक्षित वन भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था भूमि पर खेती की जा रही थी और अस्थायी ढांचों का निर्माण भी कर लिया गया था। जानकारी के अनुसार इस अतिक्रमण की



शिकायतें लगातार मिल रही थीं जिस पर संज्ञान लेते हुए विभागीय स्तर पर योजना बनाकर यह कार्रवाई की गई कार्रवाई के दौरान काफी संख्या में वन अमला राजस्व विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध कब्जे को हटाया गया और खेतों में खड़ी फसलों को नष्ट किया गया। रीठी वन परिक्षेत्र अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 30 एकड़ क्षेत्र पर अवैध कब्जा किया गया था। जिसे आज मुक्त करा लिया गया है। आगे भी ऐसे अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी वन भूमि पर कब्जा करना दंडनीय अपराध है।

वहीं स्थानीय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही पूरी तरह नियमानुसार की गई है और प्रभावित व्यक्तियों को पहले ही नोटिस जारी किया गया था चिरौहला क्षेत्र की यह वन भूमि पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है, जहां जैव विविधता की रक्षा के लिए वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है फिलहाल हम चिरौहला गांव के उस क्षेत्र में मौजूद हैं, जहां वन विभाग ने सुबह से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की थी जेसीबी मशीनों के जरिए अस्थायी निर्माण और फसलें हटाई जा चुकी हैं चारों तरफ पुलिस बल तैनात है और अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। वन विभाग का कहना है कि यह भूमि अब संरक्षित की जाएगी और दोबारा कब्जा न हो, इसके लिए चौकसी बढ़ाई जाएगी।

## सीढ़ियों में लगाएं स्टील रेलिंग, प्लाई लगाकर करें अस्थाई पार्टीशन

**भारत निर्माण कोचिंग के निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण**

**नवभारत कटनी।** नगर के छात्रों को यूपीएससी, एमपीपीएससी, रेल्वे , बैंकिंग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी प्रारंभ करने के उद्देश्य से नगर निगम के केसीएस स्कूल में संचालित होने वाली भारत निर्माण कोचिंग में सुविधाजनक माहौल के बीच पठन-पाठन की सुविधा मुहैया कराने के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर 25 लाख रुपए की लागत से सुविधाओं के विस्तार का कार्य कराया जा रहा है। इन्हीं विकास कार्यों का



महापौर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य रमेश सोनी, पूर्व पार्षद कमलेश चैधरी सहित केसीएस स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रूप भास्कर, शिक्षक रिजवान हसन खान की मौजूदगी रही। महापौर द्वारा निरीक्षण के दौरान स्थल पर चल रहे सीढ़ियों की मरम्मत, हॉल के टाइल्स फ्लोरिंग कार्य, सीलिंग, खिड़कियों और दरवाजों का जायजा लिया। सुरक्षा की दृष्टि से सीढ़ियों में स्टील की रेलिंग लगाने, खिड़कियों में कांच लगाकर स्लाइडिंग की व्यवस्था करने सहित प्लाई के माध्यम से अस्थाई रूप से पार्टीशन की सुविधा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ स्कूल परिसर के पीछे से भी सीढ़ियों की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश क्षेत्रीय उपयंत्री को दिए गए हैं।


### क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14/09/2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत **मेसर्स श्री नीलेश पुराणिक, खजुरी बाक्साइट, लेटेराईट एंड फायर क्ले माईन माइनिंग ऑफ मिनिरल्स खसरा नं. 865,666 ग्राम- खजुरी, तहसील- मुडवारा, जिला- कटनी, लीज क्षेत्रफल 8.150 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता- 40,394.44 टन प्रतिवर्ष हेतु** पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उधोग केन्द, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम खजुरी, तहसील मुडवारा, जिला कटनी (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य सरंक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड एच.आई.जी.-4 हाउसिंग बोर्ड कालोनी विश्राम बाबा कटनी मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाईड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म0प्र0) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। **इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक11/09/2025 दिन गुरूवार को प्रात10:30 बजे मेसर्स श्री नीलेश पुराणिक, खजुरी बाक्साइट, लेटेराईट एंड फायर क्ले माईन ग्राम- खजुरी, तहसील-मुडवारा, जिला-कटनी,** के परियोजना स्थल के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**





**धर्मलोक हॉस्पिटल**
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

**डॉ. राजेश बत्रा**
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।



**डॉ. हर्षा बत्रा**
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

-ओपीडी- सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024



17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव

आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।



Dr.V.B.Khare

**क्योर जोन**
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

**डॉ. व्ही. बी. खरे**
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

**डॉ. अनुभा खरे**
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)


चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111


समापन | नशे से दूरी से है जरूरी अभियान का समापन, नगर निगम ऑडिटोरियम में किया गया आयोजन

## 255 स्थानों में चला अभियान, 29 हजार से अधिक लोगों को दिलाया नशे से दूरी का संकल्प

**नवभारत, कटनी।** जिले में 15 जुलाई से शुरू किए गए नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान का समापन समारोह का आयोजन बुधवार को बस स्टैंड स्थित नगर निगम के ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव उपस्थित रहे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, एडीएम श्रीमती साधना परस्ते और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य




अतिथि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कहा कि यह अभियान समाज में चेतना और सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बना है। निश्चित रूप से इससे युवा वर्ग प्रेरित होकर एक स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन शैली अपनाएगा। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने अभियान की जिले में हुई गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए बताया जिले में इस अभियान के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित 255 स्थलों पर विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 39 रचनात्मक कार्यक्रम संपन्न हुए। जिनमें भाषण, निबंध, रंगोली, चित्रकला, स्लोगन लेखन, क्विज़, कविता, पोस्टर निर्माण, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, रैलियां और मैराथन दौड़ शामिल रहीं। 157 प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अभियान के दौरान 29,628 नागरिकों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई है। बैनर, पंपलेट, लघु फिल्म, हस्ताक्षर अभियान, और जन-जागरूकता रैलियों के माध्यम से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया गया। अभियान की सफलता में जनप्रतिनिधि, नागरिक, पत्रकार, व्यापारी संगठन, ऑटो-रिक्शा संघ, एनसीसी, स्काउट-गाइड, सामाजिक संगठन, विद्यालय, महाविद्यालय और खेल विभाग सहित कई संस्थाओं ने योगदान दिया। समारोह के समापन पर अभियान में विशेष योगदान देने वाले प्रतिभागियों और संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, सीएसपी श्रीमती नेहा पच्चीसिया सहित अधिकारियों की उपस्थिति रही।